मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-105
08/03/2020

मुख्यमंत्री ने प्रदेश एवं देशवासियों को होली की बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना, 08 मार्च 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने प्रदेश एवं देशवासियों को होली की बधाई एवं शुभकामनायें दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि होली का यह पवित्र त्योहार राज्यवासियों की जिन्दगी में खुशियों का नया रंग लेकर आयेगा। यह पवित्र त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

इस पर्व की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि बिना किसी भेदभाव के लोग एक दूसरे के प्रति प्रेम–सद्भाव का व्यवहार रखते हैं। लोग आपस में मिलकर खुशियाँ बाँटते हैं। होली सामाजिक समरसता का भी प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों से होली का त्योहार पारस्परिक प्रेम, आपसी भाईचारे एवं सामाजिक सद्भाव के साथ मनाने की अपील की।

******